किशन थोड़ा और क्रिकेट खेलें और अच्छा प्रदर्शन करके दिखाएं। उन्होंने अब तक दो टेस्ट, 27 वनडे और 32 टी20 इंटरनेशनल खेले हैं।
– अजीत अगरकर

भारतीय चीफ सिलेक्टर, ईशान किशन को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

खालिद जमील

भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच खालिद जमील ने क्लबों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से खिलाड़ियों के 'रिलीज' करने के मुद्दे को बातचीत से हल करने का आग्रह किया है। जमील की यह टिप्पणी इंडियन सुपर लीग के तीन टीमों के 14 खिलाड़ियों के अभी तक राष्ट्रीय शिविर में शामिल नहीं होने के बाद आई है। इन खिलाड़ियों में राष्ट्रीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री भी शामिल हैं। यह अहम शिविर एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग मैचों की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने रविवार को होने वाले एशिया कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

बीसीसीआई ने हारिस रऊफ, साहिबजादा फरहान की आईसीसी से शिकायत की

दुबई, 25 सितंबर। भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी के पास आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने बुधवार को दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को ईमेल भेजा है। आईसीसी इस मामले में सुनवाई करेगी क्योंकि साहिबजादा और रऊफ ने लिखित में इन आरोपों का खंडन किया है। उन्हें सुनवाई के लिये आईसीसी एलीट पेनल के रैफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जवाबी कार्रवाई में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की आधिकारिक शिकायत की है जिन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान पर मिली जीत को आपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाई थी। पीसीबी ने आरोप लगाया है कि सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक थी।

सूर्यकुमार यादव आईसीसी की आधिकारिक सुनवाई में हुए शामिल

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव गुरुवार को मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद सुनवाई में शामिल हुए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा दर्ज करायी गई शिकार के बाद आज यह सुनवाई हुई। इस दौरान भारतीय क्रिकेट क्रंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सीओओ हेमंग अमीन और क्रिकेट संचालन प्रबंधक सुमीत मल्लापुरकर भी सूर्यकुमार यादव के साथ थे। सुनवाई के

दौरान सूर्यकुमार यादव को आधिकारिक चेतावनी दी गई है। भारतीय कप्तान पर जुर्माना या एक डिमेरिट अंक लगने की संभावना है।

मैदान में हारिश रऊफ ने भारतीय सैन्य कार्रवाई का मजाक उड़ाया

भारत के खिलाफ 21 सितंबर के मैच के दौरान रऊफ ने भारतीय समर्थकों के 'कोहली कोहली' चिल्लाने के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई का मजाक बनाते हुए विमान गिरा देने का इशारा किया था। कोहली ने विश्व कप 2022 के दौरान एमसीजी पर रऊफ की गेंद पर विजयी छक्का लगाया था। रऊफ ने मैच के दौरान भारतीय सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल को भी गालियां दी जिसका जवाब दोनों युवा क्रिकेटरों ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से दिया।

साहिबजादा ने बल्ले को मशीनगन की तरह इस्तेमाल किया

इसी मैच के दौरान साहिबजादा ने बल्ले को मशीनगन की तरह इस्तेमाल करते हुए बंदूक चलाने के अंदाज में जश्न मनाया था जिसकी काफी निंदा हुई। फरहान ने मैच के बाद कहा था ,"वह जश्न सिर्फ उस समय एक पल था। मैने 50 रन पूरे करने के बाद जश्न नहीं मनाया था और अचानक मेरे दिमाग में आया कि आज जश्न मनाते हैं और मैने वही किया। मुझे नहीं पता कि लोग इसे कैसे लेंगे और मुझे परवाह भी नहीं है।"

रऊफ और फरहान को आईसीसी के समक्ष सफाई देनी होगी

रऊफ और फरहान को आईसीसी के समक्ष इन हरकतों की सफाई देनी होगी और अगर आईसीसी संतुष्ट नहीं होती है तो उन्हें आचार संहिता के तहत सजा हो सकती है। उधर एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आग में घी डालते हुए बुधवार को एक्स पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का 'स्लो मोशन' वीडियो डाला है जिसमें पुर्तगाल का यह महान फुटबॉलर विमान के क्रैश होने का इशारा कर रहा है जैसा रऊफ ने भारत के खिलाफ मैच के दौरान किया था।

फाइनल में उतरने से पहले अपनी अंतिम तैयारियों को परखना चाहेगा भारत

दुबई, 25 सितम्बर। एशिया कप सुपर-4 के आख़िरी मैच में भारतीय टीम शुक्रवार को श्रीलंका से भिड़ेगी। भारतीय टीम सुपर-4 के दोनों मैच जीतकर पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है और यह मुकाबला उसके लिए तैयारियों की अंतिम परीक्षा होगी। वहीं, शुरुआती दो मैच हारने के बाद श्रीलंका की टीम पहले ही ख़िताबी दौड़ से बाहर हो चुकी है। इस बीच मुक़ाबले से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों पर एक नजर डालते हैं। भारत और श्रीलंका के बीच टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में अब तक 31 मुक़ाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 21 मैच अपने नाम किए हैं। श्रीलंका को नौ मुकाबलों में जीत मिल पाई है। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। दोनों टीमों के बीच खेले गए आख़िरी पांच मुकाबलों में भारतीय टीम ने चार मैच अपने नाम किए हैं। श्रीलंका सिर्फ़ एक मैच जीतने में सफल रही है। अभिषेक शर्मा ने एशिया कप 2025 में पांच मुक़ाबले खेले हैं और इसकी 5 पारियों में 49.60 की औसत और 206.66 की स्ट्राइक रेट से 248 रन बनाए हैं। श्रीलंका के पथुम निसंका ने 5 पारियों में 30.80 की औसत और 146.66 की स्ट्राइक रेट से 154 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने 5 पारियों में 8.08 की उम्दा औसत के साथ 12 विकेट चटकाए हैं। हसरंगा ने 5 पारियों में 17 की औसत से 7 विकेट झटके हैं।

खत्म हो जाएगा मो. शमी का करियर
वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में नहीं मिली जगह

नई दिल्ली, 25 सितंबर। लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे टीम इंडिया के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद शमी को एक बार फिर मौका नहीं मिला है। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए उनकी फिर अनदेखी हुई है। ये दूसरा मौका है जब वह टीम इंडिया में अपनी जगह नहीं बना पाए हैं। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शमी के बाहर ने की वजह बताई है। अजीत अगरकर ने कहा कि, उन्हें पता नहीं है कि शमी कितने फिट हैं और उन्होंने ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है।शमी ने आखिरी बार दलीप ट्रॉफी के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। ईस्ट जोन के लिए वह प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए। शमी ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला था। अगरकर ने कहा कि, इस तेज गेंदबाज ने पिछले कुछ सालों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा मैच नहीं खेले हैं और उन्हें टीम में वापसी के लिए घरेलू टूर्नामेंट में और ज्यादा प्रदर्शन करने की जरूरत है। शमी के बारे में पूछने पर अगरकर ने कहा कि अभी उन्हें पता नहीं है कि वह कितने फिट हैं। उन्होंने कहा कि, हमें कोई अपडेट नहीं मिली है। मुझे लगता है कि उन्होंने पिछले 2-3 सालों में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है।

एशिया कप में पहली बार भारत-पाक फाइनल होगा
पाकिस्तानी टीम ने बांग्लादेश को 11 रन से हराया

दुबई, 25 सितंबर। एशिया कप के इतिहास में पहली बार भारत-पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा। यह मुकाबला 28 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तानी टीम ने गुरुवार को बांग्लादेश पर 11 रन की जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 136 रन का टारगेट चेज कर रही बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 124 रन तक ही पहुंच सकी। शमीम हुसैन ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। टीम के शेष बैटर्स खास प्रदर्शन नहीं कर सके। शाहीन शाह अफरीदी ने 3 विकेट झटके। सैम अयूब को 2 विकेट मिले। इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही पाकिस्तान ने 20 ओवर

में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। मोहम्मद हारिस ने 31, शाहीन शाह अफरीदी ने 19 और मोहम्मद नवाज 25 रन की पारियां खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। टीम ने 49 पर 5 विकेट गंवा दिए थे। बांग्लादेश से तस्कीन अहमद ने 3 विकेट झटके। मेहदी हसन और रिशाद हुसैन को 2-2 विकेट मिले।

भारत-ए को जीत के लिए चाहिए 243 रन

लखनऊ, 25 सितंबर। के एल राहुल (रिटायर्ड हर्ट 74) और साई सुदर्शन (नाबाद 44) की जूझारु पारियों के दम पर भारत ए ने गुरुवार को दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 169 रन बना लिये है और अभी उसे जीत के लिए 243 रनों की जरुरत है। ऑस्ट्रेलिया ए ने कल के तीन विकेट पर 16 रन से आगे खेलना शुरु किया और उसकी दूसरी पारी 185 रन पर समाप्त हुई। आज सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने अपना चौथा विकेट स्कोर में महज एक रन जोड़ कर गंवा दिया। कूपर कॉनली (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद जॉश फिलिपे ने कैंपबेल केलावे के साथ पांचवें विकेट के लिए 90 रन जोड़े। मानव सुथार ने जॉश फिलिपे (50) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके।

अभ्यास मैच के दौरान अरुंधति रेड्डी चोटिल

बेंगलुरु, 25 सितंबर। महिला एकदिवसीय विश्वकप से पहले भारतीय टीम को उस समय झटका लगा जब ऑलराउंडर अरुंधति रेड्डी को गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में चोटिल होने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा। आज यहां बीसीसीआई कोचिंग सेंटर में अपने पहले आधिकारिक अभ्यास मैच में इंग्लैंड की बल्लेबाजी के 13वें ओवर में यह घटना उस समय हुई, जब जेमिमा रोड्रिग्स की अगुवाई में भारत ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लगातार दो नो-बॉल और दूसरी गेंद पर छक्का खाने के बाद, अरुंधति ने एक डॉट गेंद डाली, जिसे बल्लेबाज हीथर नाइट ने उनकी ओर वापस भेज दिया, जिससे गेंद अनजाने

में गेंदबाज के बाएं घुटने पर लग गई। अरुंधति दर्द से तुरंत जमीन पर गिर पड़ीं और टीम के साथियों ने उन्हें कंधे से उठाया। उन्हें व्हीलचेयर पर कोचिंग सेंटर में तुरंत जांच के ले जाया गया। उनकी चोट की गंभीरता या प्रकृति का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन एक उत्साहजनक संकेत यह है कि अरुंधति बारिश के कारण खेल में हुए ब्रेक के दौरान लंगड़ाते हुए ही सही, अपने पैरों पर वापस आ गईं। हालांकि, भारत के विश्व कप के पहले मैच में एक हफ्ते से भी कम समय बचा है, इसलिए उनके आगे खेल में भाग लेने की संभावना कम है।

जिला संघ द्वारा अन्वी और जंगजीत का भव्य स्वागत

जयपुर, 25 सितम्बर। जयपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा हाल ही में भारतीय बैडमिंटन टीम में चयनित हुईं अन्वी राठौर और जंगजीत काजला का भव्य स्वागत किया गया। यह दोनों होनहार खिलाड़ी चीन में 21 से 26 अक्टूबर तक होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर दोनों खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके परिजनों का भी माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी खिलाड़ियों को मिठाइयाँ बांटी गईं। जयपुर जिला सचिव मनोज दासोत ने अन्वी और जंगजीत को माला पहनाकर 11-11 हजार रुपये के चेक भेंट किए। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डैफ ओलंपियन अभिनव शर्मा का भी माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। साथ ही, जंगजीत काजला के कोच यादवेंद्र सिंह और अतुल गुप्ता को भी उनके मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल मेहता ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।

पीकेएल-12 : यूपी योद्धाज की लगातार दूसरी जीत, टाई ब्रेकर में बेंगलुरू बुल्स को दी मात

जयपुर, 25 सितंबर: यूपी योद्धाज ने भवानी राजपूत और गगन गौड़ा के दम पर गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 49वें मैच में बेंगलुरु बुल्स को टाई ब्रेकर में 6-5 से हरा दिया। यहां सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए मैच में निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच स्कोर 36-36 से बराबर पर रहा। इसके बाद मुकाबला टाई ब्रेकर में चला गया, जहां यूपी योद्धाज ने रोमांचक जीत दर्ज कर ली। बेंगलुरु को इस सीजन में टाई ब्रेकर में अपने दोनों ही मैचों में हार मिली है। यूपी योद्धाज की इस सीजन मे आठ मैचों में यह चौथी जीत है और टीम के अब आठ अंक हो गए हैं। वहीं, बेंगलुरु बुल्स को 10 मैचों में पांचवीं हार का सामना करना पड़ा है।

डॉ. नीरज कुमार पवन ने खेल संघों की बैठक में की तैयारियों की समीक्षा
खेल परिषद ने खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2025 की तैयारियों के लिए कमर कसी

जयपुर, 25 सितम्बर। डा. नीरज कुमार पवन, शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार और अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद ने राजस्थान में नवंबर माह में आयोजित होने वाले खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2025 की तैयारियों के लिए कमर कस ली है। गुरूवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम के अर्जुन हॉल में यहां आयोजित किए जाने वाले खेलो के राज्य खेल संघो के पदाधिकारियो की बैठक ली और उनसे इन खेलों के आयोजन के संबंध में मैदान आदि संबंधी जानकारी प्राप्त की।

डा. नीरज कुमार पवन ने बैठक में पधारे सभी खेल संघो के पदाधिकारियों से बात की और खेल मैदानों की दुरूस्तगी के बारे में जानकारी हासिल की। इन खेलों में 6-7 हजार खिलाडी भाग लेंगे, साथ ही 400 यूनिवर्सिटी में से करीब 200 यूनिवर्सिटी के खिलाडियों के भाग लेने की संभावना है। उन्होने कहा कि किसी को भी

किसी भी आयोजन स्थल पर कोई कमी नजर आती है तो जरूर बताए, उन्हे समय पर दुरूस्त कर दिया जायेगा। कोई भी यूनिवर्सिटी संस्थान इन खेलों के आयोजन में आगे आना चाहते है या सहयोग करना चाहते है तो उनका हम स्वागत करेगें। राजस्थान यूनिवर्सिटी, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी और सिंघानिया यूनिवर्सिटी, उदयपुर आगे आये है, और इन्होने सहयोग करने के लिए कहा है।

उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी चाहते है कि इन खेलों का शानदार आयोजन किया जाये और किसी चीज की कमी नहीं रहनी चाहिए। न तो खिलाडियों को न ही आयोजन में कहीं कोई कमी होनी चाहिए। इसलिए हम चाहते है कि आपके सहयोग (खेल संघो) से सफल आयोजन किया जाये ताकि प्रदेश का नाम पूरे देश में गर्व से लिया जा सकें। बैठक में विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारियों ने अपने-अपने खेलों व मैदानों से संबंधित विचार रखें, जिस पर डा. नीरज कुमार पवन ने शीघ्र ही कार्यवाही करने के निर्देश दिए और कहा कि वे प्रतिदिन प्रात: 10.30 बजे और सायं 04.30 बजे इन खेलों के आयोजन के लिए की जा रही तैयारी की समीक्षा करेगें।

बैठक में युवा मामले एवं खेल विभाग की संयुक्त शासन सचिव नीतू बारूपाल, कार्यकारी सचिव व वित्तीय सलाहकार महावीर मीणा,, राजस्थान राज्य ओलपिंक संघ व राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत, राजस्थान जूडो संघ के सचिव महिपाल ग्रेवाल, राजस्थान बॉक्सिंग संघ के सचिव नरेन्द्र निर्वाण, राजस्थान एथलेटिक संघ के सचिव देवनारायण गुर्जर, राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष दिपेन्द्र सिंह व सचिव सुरेन्द्र गुर्जर, राजस्थान फेंसिंग संघ के सचिव विष्णु शर्मा व दाउद खान आदि मौजूद थे।

चतुर्थ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 1 अक्टू. से

जयपुर, 25 सितम्बर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित चतुर्थ डॉ. ए.पी.जी. अब्दुल कलाम स्मृति लीग कम नॉक आउट टी-20 प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है प्रतियोगिता में कुल 10 टीमे ही भाग लेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक टीमे अपनी प्रविष्टिया 30 सितम्बर 2025 तक सचिव शाहरूख खान या आयोजन सचिव सलीम खान को भेज सकते है।

गत चैम्पियन इटली पुरुष वालीबॉल विश्व चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पोलैंड से भिड़ेगा

मनीला, 25 सितंबर। गत चैंपियन इटली ने बेल्जियम को 3-0 से हरा दिया और अब एफआईवीबी पुरुष वॉलीबॉल विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पोलैंड से भिड़ेगा। बुधवार को बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इटली ने 25-13, 25-18, 25-18 से आसान जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रुप चरण में बेल्जियम के हाथों मिली हार से आहत इतालवी टीम क्वार्टर फाइनल के पहले सेट में पूरी तरह से विध्वंसक मूड में थी। प्रतिद्वंद्वी पर कोई रहम न करते हुए, उसने एकतरफा प्रदर्शन किया और मिडल ब्लॉकर रॉबर्टो रूसो के ब्लॉकिंग के दम पर सेट जीतने में भारी अंतर से जीत हासिल की। दूसरे सेट में बेल्जियम के लिए स्थिति थोड़ी सुधरी, लेकिन कोर्ट पर मुकाबला अभी भी एकतरफा रहा। इटली तब तक पूरी तरह से नियंत्रण में रहा जब तक रूसो ने एक सफल ब्लॉक के साथ एक और सेट जीत नहीं लिया।

जयपुर पोलो और मेफेयर पोलो टीमें जीती

जयपुर, 25 सितम्बर। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर ऑल स्टार पोलो टीम ओर मेफेयर पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें मेफेयर पोलो टीम ने ऑल स्टार पोलो टीम को 7 के मुकाबले 8 गोल से हराया। मेफेयर पोलो टीम की ओर से सवीर और बतिस्ता ने अपनी टीम के लिए 3-3 गोल किये। वहीं शमशीर ने 2 गोल किए। ऑल स्टार पोलो टीम की ओर से डीनो ध्रुवपाल गोदारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल ओरमतिहास ने अपनी टीम के लिए 1 गोल किया। पोलो ग्राउंड पर दूसरा मैच नेवी कानोता पोलो टीम ओर जयपुर पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें जयपुर पोलो टीम ने नेवी कानोता पोलो टीम को 5 के मुकाबले 10 गोल से हराया। नेवी कानोता पोलो टीम की ओर से प्रताप सिंह 4 गोल किए ओर कैप्टन ए पी सिंह ने 1 गोल किया। वहीं जयपुर पोलो टीम की ओर से लांस वाटसन ने 2, अंगद कलान ने 3गोल और महाराज पद्मनाभ सिंह ने आज अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए 5 गोल कर जीताया।

राजस्थान अंडर-19 टीम के संभावित घोषित

जयपुर 25 सितम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान अंडर 19 टीम के संभावितों चयन राजस्थान जूनियर चयन कमेटी ने आरसीए द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर अंडर 19 ट्रॉफी, चैलेंजर ट्रॉफी में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर किया। संभावितों का प्रशिक्षण शिविर जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

राजस्थान अंडर 19 टीम के संभावित खिलाडी :-शिफान खान, दीपेश, जयवर्धन गहलोत, आदित्य सैनी, देवांश सिंह, मोहम्मद अनस, नावेद खान, कुशग्र ओझा, मोहम्मद सोएब खान, हर्ष दगड़ी, जतिन सैनी, शुभंकर त्यागी, जगदीश चौधरी, साहिब अभिचंदानी, शौर्य वर्धन, कवीश घुनावत, रजत बघेल, भव्य राज, गौरव झाझरा, अभय राज सिंह, अभिषेक मूंड, प्रखर शर्मा, सुजल परमार, हनी प्रताप सिंह, यथार्थ भारद्वाज।

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन रहा रोमांचक से भरा

जयपुर, 25 सितम्बर। राजस्थान फुटबाल संघ के तत्वाधान में जिला फुटबाल संघ कोटा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन आयोजन सचिव तीरथ सांगा ने बताया कि आज प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जालोर व डूंगरपुर के मध्य खेला गया पहले मैच में दोनों ही टीमें निर्धारित समय तक 1-1 गोल से बराबर रही। अंत में पेनल्टी शूटआउट में जालौर ने डूंगरपुर पर 4-3 से जीत दर्ज की, सीकर व भरतपुर के मध्य खेले गए। मैच में भी सीकर ने पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीत दर्ज की, जयपुर व पाली के मध्य खेले गए मैच में जयपुर ने 5-0 से जीत दर्ज की। झुंझुनू ने करौली को 1-0 से हराया, अलवर ने उदयपुर को

संघर्षपूर्ण मुकाबले में 1-0 से हराया। हनुमानगढ़ ने जोधपुर को 5-0 से हराया ,बीकानेर ने गंगानगर को पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 से हराया। कोटा ने बारा को 1-0 से हराया कल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। आज के मैच में अतिथि के रूप में रामकिशन गोदारा थाना अधिकारी भीमगंज मंडी कोटा, राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत, महेंद्र सिंह बिजारणिया, विपिन कटवाल, प्रवीण विजय आदि उपस्थित रहे।